आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 09.01.2026
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में 'शीतलहर पूर्व तैयारी' विषय पर आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ किया।
- प्रदेश में जन–जन की सरकार– जन–जन के द्वार' कार्यक्रम में करीब दो लाख लोगों ने सहभागिता की। सोलह हजार से अधिक शिकायतों का मौके पर निस्तारण।
- पौड़ी जिले के ग्राम ढांडरी में आतंक का पर्याय बन चुके गुलदार को जिला प्रशासन और वन विभाग की टीम ने मार गिराया।
- बागेश्वर में 13 जनवरी से शुरू होगा उत्तरायणी मेला। पोस्टर का विमोचन।

मुख्यमंत्री/ कार्यशाला

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून में 'शीतलहर पूर्व तैयारी' विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार, प्रदेश में आपदा प्रबंधन में आधुनिक तकनीकों को अपनाने पर विशेष जोर दे रही है। शीतलहर और अत्यधिक हिमपात से उत्पन्न चुनौतियों से प्रभावी रूप से निपटने के लिए भी राज्य में कई ठोस और व्यावहारिक कदम उठाए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्यशाला के माध्यम से शीत ऋतु के दौरान होने वाली संभावित चुनौतियों से निपटने की तैयारियों की समीक्षा और विभागों के बीच समन्वय को मजबूत किया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने युवा आपदा मित्रों और पिछले साल आपदा के दौरान राहत व बचाव में सराहनीय कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया। उन्होंने आपदा प्रबंधन के लिए भारतीय स्टेट बैंक द्वारा उपलब्ध कराए गए चार वाहनों का फ्लैग ऑफ भी किया।

## जन–जन की सरकार

प्रदेश सरकार द्वारा संचालित 'जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार' कार्यक्रम, राज्य में सुशासन, संवेदनशील प्रशासन और जनसेवा की सशक्त मिसाल बनकर उभरा है। 17 दिसंबर से शुरू हुए जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार' कार्यक्रम के तहत अब तक राज्य के सभी जिलों में 300 से अधिक शिविर लगाए जा चुके हैं। इनमें एक लाख 97 हजार से अधिक नागरिकों ने सहभागिता कर अपनी समस्याएं और सुझाव संबंधित अधिकारियों के समक्ष रखे। कार्यक्रम के दौरान आमजन से 22 हजार 645 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 16 हजार से अधिक शिकायतों का निस्तारण मौके पर अथवा निर्धारित समयसीमा के भीतर किया गया है, जबकि शेष शिकायतों पर भी नियमानुसार कार्रवाई प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त, शिविरों में विभिन्न प्रमाण पत्रों के लिए 31 हजार आवेदन प्राप्त किए गए, जिससे नागरिकों को कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर से राहत मिली है। वहीं, प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से एक लाख 11 हजार से अधिक व्यक्तियों को प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित किया गया, जिससे सामाजिक सुरक्षा, आर्थिक सहायता और आजीविका से जुड़े प्रयासों को नई गति मिली है। राज्य सरकार का संकल्प है कि इस अभियान को निरंतर और व्यापक रूप से आगे बढ़ाया जाए, ताकि प्रदेश के प्रत्येक नागरिक तक शासन की योजनाओं और सेवाओं की सीधी पहुंच सुनिश्चित हो सके। साथ ही उत्तराखंड में पारदर्शी, जवाबदेह और जनकेंद्रित शासन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके।

## श्रद्धाजंलि

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पर्यावरणविद, चिपको आंदोलन के प्रणेता और पद्म विभूषण से सम्मानित सुन्दरलाल बहुगुणा की जयंती पर आज उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रकृति संरक्षण के क्षेत्र में उनके द्वारा दिया गया अमूल्य योगदान हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है।

गुलदार ढेर

पौड़ी जिले में नागदेव क्षेत्र के ग्राम ढांडरी में आतंक का पर्याय बन चुके गुलदार को मार दिया गया है। नवंबर माह में एक महिला पर हुए जानलेवा हमले के बाद क्षेत्र में लगातार खतरे की स्थिति बनी हुई थी। प्रभागीय वनाधिकारी महातिम यादव ने बताया कि जिला प्रशासन और वन विभाग ने गुलदार को सुरक्षित रूप से पकड़ने के लिए पांच पिंजरे, 15 ट्रैप कैमरे और चार लाइव सोलर सीसीटीवी कैमरे लगाए थे। साथ ही पगचिह्नों के माध्यम से लगातार निगरानी की गई। इसके अलावा ट्रैंक्युलाइजेशन के लिए सिविल सोयम वन प्रभाग पौड़ी, रुद्रप्रयाग वन प्रभाग और राजाजी राष्ट्रीय पार्क की विशेषज्ञ टीमों का सहयोग लिया गया। उन्होंने बताया कि सभी वैकल्पिक प्रयास विफल रहने और गुलदार की निरंतर आवाजाही से भविष्य में जनहानि की आशंका को देखते हुए विभागीय टीम ने गुलदार को मार गिराया।

प्रेस क्लब शपथ

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून में उत्तरांचल प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उत्तरांचल प्रेस क्लब ने हमेशा अपनी गरिमा, निष्पक्षता और विश्वसनीयता को बनाए रखा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डिजिटल युग में, सोशल मीडिया के माध्यम से फेक न्यूज़ और भ्रामक सूचनाएँ तेज़ी से फैल रही हैं। ऐसे में पत्रकारों की भूमिका और महत्वपूर्ण हो जाती है। सही तथ्यों के साथ निष्पक्ष और जिम्मेदार रिपोर्टिंग ही समाज को भ्रम से बचा सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा उत्तराखंड के पत्रकारों ने हर चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में साहस के साथ अपना काम किया है।

उत्तरायणी मेला

बागेश्वर जिले के सरयू और गोमती के पावन संगम पर आगामी 13 जनवरी से शुरू हो रहे ऐतिहासिक उत्तरायणी मेले का पोस्टर व आमंत्रण पत्र का विमोचन आज कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। कार्यक्रम में विधायक पार्वती दास, सुरेश गड़िया और दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट सहित जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की। इस अवसर पर जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने कहा कि उत्तरायणी मेला जिले की सांस्कृतिक पहचान है और इसके सफल आयोजन के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

लोहड़ी

लोहड़ी पर्व के उपलक्ष्य में राज्य की प्रथम महिला गुरमीत कौर की अध्यक्षता में आज लोकभवन देहरादून में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती गुरमीत कौर ने मातृशक्ति के सशक्तीकरण पर बल देते हुए समाज को लैंगिक न्याय के प्रति संवेदनशील और जागरूक बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं चूल्हा–चौकी की पारंपरिक सीमाओं से आगे बढ़कर शिक्षा, प्रशासन, विज्ञान, खेल और उद्यमिता सहित प्रत्येक क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं।

अभियान

उत्तराखण्ड पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के हल्द्वानी स्थित क्षेत्रीय कार्यालय की चार टीमें आगामी 15 जनवरी के बाद एक अभियान चलाकर कुमाऊँ मण्डल के लगभग 260 बड़े रिहायशी होटलों का औचक निरीक्षण करेगी। बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी अनुराग नेगी ने बताया कि इस अभियान के तहत केवल 20 से अधिक कमरों वाले होटलों का औचक निरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान दो सदस्यीय विभागीय टीम ईटीपी, एसटीपी, सालिड वेस्ट प्रबंधन, बॉयलर, जनरेटर और बोर्ड द्वारा जारी सहमति पत्र जैसे कुल छह बिंदुओं पर अपनी जांच करेगी।